हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, गुरुवार, 14 दिसंबर 2023

11 सरकार ने ग्रामीण विकास को 7202 करोड़ का बजट आबंटित किया



12 2024 में भाजपा सरकार की विदाई तय, हुड्डा फिर संभालेंगे प्रदेश की कमान



## खबर संक्षेप

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए चैकअप कैम्प 15 को

**फतेहाबाद।** सिविल सर्जन कार्यालय की तरफ से 1 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर घोषणा की गई थी कि प्रत्येक मास के तीसरे शुक्रवार को वरिष्ठ नागरिकों के लिए मेडिकल चैकअप कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में 15 दिसंबर को प्रातः साढ़े10 बजे बाल भवन फतेहाबाद में वरिष्ठ नागरिकों के लिए मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया है तथा उसी दिन बैंक की तरफ से वरिष्ठ नागरिकों तथा सिविल पैंनशर्ज को बैंक की स्कीमों बारे जानकारी दी जाएगी।

### भूना क्षेत्र से युवक हेरोइन सहित गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करी के आरोप में पुलिस ने भूना क्षेत्र से एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार मिली जानकारी के अनुसार थाना भूना पुलिस की टीम एएसआई दलबीर सिंह के नेतृत्व में गश्त के दौरान गांव धौलू होते हुए अनाज मण्डी, दिगोह के पास पहुंची। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने पीछा कर उसे कुछ ही दूरी पर काबू कर लिया।

### पुलिस ने पिस्तौल सहित सिरसा का युवक पकड़ा

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने गश्त के दौरान सिरसा के एक युवक को नाजायज पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक सैल फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई कुलदीप सिंह के नेतृत्व में गश्त के दौरान गांव अलीका से पिलछियां की तरफ जा रही थी। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने युवक को काबू कर पूछताछ की व तलाशी में उसके पास से एक पिस्तौल 12 बोर बरामद हुई।

### दुकान से नकदी और सामान चोरी

**चापेटा।** कस्बे के गांव जमाल में एक करियाने की दुकान से चोर हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में दुकान संचालक सतबीर ने बताया कि वह गांव में ही करियाने की दुकान करता है। उसने बताया कि बीती 11 दिसंबर की रात को वह दुकान बंदकर घर चला गया। देर रात को चोरों ने दुकान के शटर के ताले तोड़कर गल्ले से 20 हजार रुपए की नकदी, बीड़ी के 10 पैकेट, 4 बंडल तार, 10 डिब्बी सिगरेट सहित काजू व बादाम चोरी कर लिए।

### खाली पड़े प्लॉट से लोहे के गार्डर चोरी

**सिरसा।** शहर के जेई कॉलोनी में एक खाली प्लॉट में पड़े हजारों रुपए के लोहे के दो गार्डर चोरी हो गए। पुलिस को दी शिकायत में हुडा सेक्टर-20 निवासी रणजीत सिंह ने बताया कि उसका जेई कॉलोनी में साईं मंदिर के निकट प्लॉट है। उसने बताया कि प्लॉट में दो बडे.लोहे के गार्डर पड़े हैं। उसने बताया कि देर रात को चोरों ने प्लॉट से लोहे के दोनों गार्डर चोरी कर लिए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### प्रधान ने कहा कि 20 दिसम्बर को नगरपरिषद हाऊस की दोबारा बैठक बुलाई जाएगी

# हंगामे के दूसरे दिन नप प्रधान बरसे उपप्रधान पति पर, बोले : नहीं पच रहा 'हराम' का पैसा

सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद

- 20 को दोबार बुलाई खिच्ची ने बैठक प्रधान की पत्नी बोली पति को कुछ हुआ तो किसी को छोड़ूंगी नहीं, रो पड़क खिच्ची

नगरपरिषद की बैठक में मंगलवार को हुए हंगामे के बाद प्रधान समर्थक पार्षदों ने उपप्रधान के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को नगरपरिषद प्रधान राजेन्द्र खिच्ची अपने समर्थक पार्षदों के साथ नगरपरिषद कार्यालय में पहुंचे और मीडिया से बात करते हुए उपप्रधान के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। प्रधान ने कहा कि कुछ लोगों को 'हराम का पैसा' नहीं पच रहा और वे लोग ही नगरपरिषद को डूबोना चाहते हैं। प्रधान ने कहा कि 20 दिसम्बर को नगरपरिषद हाऊस की दोबारा बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें शहर के विकास से जुड़े 58 मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। पिछले 10 महीनों के बाद मंगलवार को नगरपरिषद हाऊस की बैठक शुरू हुई तो बैठक में प्रधान और उपप्रधान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर खुलकर आरोप लगाए। जिस कारण प्रधान बैठक का बहिष्कार करके चले गए। बुधवार को प्रधान राजेन्द्र खिच्ची नगरपरिषद कार्यालय पहुंचे। उनके साथ समर्थक पार्षद मोहन लाल नारंग, हंसराज योगी, ज्योति मैहता, किरण नारंग, निर्मल सिवाच, राजेन्द्र आहूजा, कपिल खत्री, सुरेन्द्र डींगवाल भी थे। प्रधान ने इस मामले में भावुक होते हुए कहा कि उन्हें पहले से ही मालूम था कि एक सत्ताधारी नेता के इशारे पर बैठक में उन्हें टारगेट कर दुर्व्यवहार किया जा सकता है। इतना ही नहीं, प्रधान राजेन्द्र खिच्ची ने स्पष्ट कहा कि नगरपरिषद प्रशासन ने एक नेता के इशारे पर ही पार्षद प्रतिनिधियों व मीडिया को मीटिंग में नहीं आने दिया।



फतेहाबाद। नगरपरिषद कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते प्रधान राजेन्द्र खिच्ची।

### पार्षदों ने कहा : प्रधान की शराफत का फायदा उठाकर किया जा रहा है प्रताड़ित

*पार्षद मोहन लाल नारंग ने कहा कि राजेन्द्र खिच्ची शरीफ इंसान है, उनकी शराफत का फायदा उठाकर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। नगरपरिषद उपप्रधान अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर राजनैतिक संरक्षण के तहत नगरपरिषद में अपनी चौधर चलाना चाहती है। पार्षद ज्योति मैहता, किरण नारंग, हंसराज योगी, निर्मल सिवाच, सुरेन्द्र डींगवाल, सुखदेव व कपिल खत्री ने कहा पिछले एक वर्ष से जबसे सविता टुटेजा उपप्रधान बनी है, नगरपरिषद की कार्यप्रणाली को हाईजैक करने का प्रयास कर रही है। इन पार्षदों ने आरोप लगाया कि नगरपरिषद फतेहाबाद के पास मौजूद करोड़ों रुपये हड़प करने के लिए प्रधान राजेन्द्र खिच्ची व उनके साथी पार्षदों को बोलने से रोका जा रहा है।*

### मैंने मेहनत से कमाया, एक व्यक्ति विशेष के पास हराम का पैसा : प्रधान

प्रधान राजेन्द्र खिच्ची ने कहा कि उन्होंने अपनी मेहनत से पैसा कमाया है। उनके पास हराम का पैसा नहीं है जबकि 'एक व्यक्ति विशेष के पास हराम का पैसा' है, वह व्यक्ति नगरपरिषद को डूबोना चाहता है। उसको शहर के विकास से कुछ लेना-देना नहीं है। राजेन्द्र खिच्ची ने कहा कि वह लोगों के बीच जाकर वार्ड वाईज सारी सच्चाई बताएंगे, अगर लोग कहेंगे तो एक मिनट में अपना पद छोड़ देंगे।

### उपप्रधान के पति के पास सट्टे का पैसा : अंजू खिच्ची

*नगरपरिषद में आज प्रधान राजेन्द्र खिची के साथ उनकी धर्मपत्नी अंजू भी थी। अंजू ने आरोप लगाया कि उनके पति को प्रताड़ित किया जा रहा है। इसके चलते अगर उनके पति को कुछ हो गया तो वे किसी को बख्शेंगी नहीं, चाहे विधायक ही क्यों न हो। अंजू ने आरोप लगाया कि उपप्रधान पति के नाम सट्टे का पैसा है और वह उसकी ही धौंस दिखाता है। अपनी पत्नी की सुनकर प्रधान राजेन्द्र खिच्ची पत्रकारों के सामने ही भावुक हो गए और उनकी आंखों में आंसू आ गए।*



फतेहाबाद। शिक्षा अधिकारी को हल्ला बोल प्रदर्शन को लेकर नोटिस सौंपते हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन के सदस्य।

## प्रदर्शन को लेकर मिनिस्ट्रीयल स्टाफ ने शिक्षा अधिकारी को सौंपा नोटिस

- बैठक में सहमति बनने पर मांगें नहीं हुई पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी फतेहाबाद को हेमसा जिला प्रधान पूर्ण कम्बोज की अध्यक्षता में निदेशक सेकेंडरी शिक्षा पंचकूला के नाम 10 जनवरी को होने वाले हल्ला बोल प्रदर्शन का नोटिस सौंपा गया। इस अवसर पर हेमसा प्रांतीय महासचिव हितेन्द्र सिहाग व फतेहाबाद डिपो प्रधान शिव कुमार श्योराण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

प्रांतीय महासचिव हितेन्द्र सिहाग ने कहा कि एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल की बैठक 23 अगस्त 2022 को हरियाणा निवास चंडीगढ़ में शिक्षा मंत्री व उच्च अधिकारियों के साथ हुई थी। उस बैठक में जिन बिंदुओं पर सहमति बनी थी, उन मांगों को अभी तक पूरा नहीं किया है, जो सरकार की कथनी व करनी को दर्शाती है। वेतनमान की मांग को लेकर संगठन वषार्ं से संघर्षरत है। संगठन की मांग है कि 25 अगस्त 2014 के मंत्रीमंडल के फैसले का नोटिफिकेशन जारी किया जाए। अव्यवहारिक ऑनलाइन ट्रांसफर में दूरदराज क्षेत्रों में गए लिपिकों का जल्द से जल्द समायोजन किया जाए, लेकिन तीन साल बीत जाने के बाद भी लिपिकों को 300-350 किलोमीटर दूर मात्र 19900 पर नौकरी करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि चाहे वरिष्ठता सूची अपडेट करने की बात हो, एसीपी मामलों का समय पर निपटारा करने की बात हो, पदोन्नति मामलों की बात हो, कर्मचारियों को कोई भी लाभ समय पर नहीं मिलता है। इसलिए अपनी लंबित मांगों को पूरा करवाने के लिए हरियाणा प्रदेश के शिक्षा विभाग का लिपिक 10 जनवरी 2024 को निदेशालय शिक्षा सदन पंचकूला पर हल्ला बोल प्रदर्शन करेगा। शिव कुमार श्योराण ने 5 दिसंबर से प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों के मार्फत निदेशक सेकेंडरी शिक्षा पंचकूला के नाम नोटिस भेजा जा रहा है।

## बहन के रिश्ते से नाखुश युवक ने होने वाले जीजा को मारी गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- घायल को उपचार के लिए हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया

गांव बड़ोपल में एक युवक द्वारा अपनी बहन के प्रेमी को गोली मारने का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि युवक बहन के रिश्ते से नाखुश था और इसी को लेकर उसने बहन के प्रेमी को गोली मारी। गोली लगने से घायल युवक को उपचार के लिए हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भादस की धारा 307 व शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव बड़ोपल, ढाणी धारनियां रोड निवासी मोहित ने कहा है कि उसकी गांव बड़ोपल में डीजे की दुकान है। उसका गांव काजलहेड़ी निवासी एक युवती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा है और दोनों के परिवार इससे सहमत थे। इसी सप्ताह उनकी सगाई पक्की होनी थी। मोहित ने बताया कि गत दिवस उसके होने वाले साले विपुल का उसके पास फोन आया और उसने कहा कि उसके साथ रिश्ते के बारे में बात करती है। जब उसने युवती से बात की तो उसने विपुल से मिलने से मना कर दिया। अगले दिन सुबह विपुल ने फिर फोन कर मिलने को मिला। इस पर उसने कहा कि वह अभी डीजे लेकर गया है, आकर उससे मिलता है। रात को उसने विपुल को अपनी डीजे की दुकान पर बुलाया। कुछ देर बाद विपुल मोटरसाइकिल पर सवार होकर उसकी दुकान पर आया और उससे कहा कि उसे यह रिश्ता पसंद नहीं है।

## आज व कल न शहर में सफाई होगी, न उठेगा कचरा

- प्रधान-उपप्रधान की लड़ाई के चलते नहीं हुई कोई वैकल्पिक व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अपनी मांगों के समर्थन नगरपालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर आज नगरपरिषद के तमाम कर्मचारी पेन डाउन टूल डाउन हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान शहर में न सफाई होगी और न ही घरों से डोर टू डोर कचरा उठेगा। यह हड़ताल शुक्रवार को भी जारी रहेगी। नगरपालिका कर्मचारी संघ ने यह हड़ताल पूर्व में ही घोषित कर दी थी लेकिन यहां की नगरपरिषद में आपसी खींचतान के चलते सफाई की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। हड़ताल की तैयारियों को लेकर बुधवार को नगर पालिका कर्मचारी संघ इकाई फतेहाबाद की एक मीटिंग आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता इकाई प्रधान नरेश राणा ने की। मीटिंग को संबोधित करते हुए प्रधान नरेश राणा ने बताया कि वीरवार से सभी कर्मचारी अपनी 24 सूत्रीय मांगों को लेकर टूल डाउन पेन डाउन हड़ताल पर रहेंगे और कामकाज पूरी तरह ठप्प रहेगा। उन्होंने कहा कि जनता का स्वास्थ्य सरकार की तानाशाही और बर्बरता एवं राज हट की भेंट चढ़ रहा है। जिला वरिष्ठ उपप्रधान ओम प्रकाश लोट और जिला सचिव विजय ढाका ने कहा कि पूरे हरियाणा प्रदेश में 5000 से ज्यादा सफाई कर्मचारियों का रोजगार हठीली सरकार ने छीन लिया है। सरकार की हठधर्मिता, वायदा खिलाफी, छंटनी एवं शोषण के खिलाफ लामबंद हुए सभी कर्मचारी 14 और 15 दिसम्बर को दो दिवसीय राज्य स्तरीय टूल डाउन पेन डाउन हड़ताल करेंगे।



फतेहाबाद। टूल डाउन-पैन डाउन हड़ताल को लेकर चर्चा करते नगरपालिका कर्मचारी संघ के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

## शादी का झांसा देकर 3.95 लाख ठगने का आरोप

- पुलिस ने दो पर किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

थाना शहर सिरसा पुलिस ने हिसार जिला के गांव कोथकलां निवासी संदीप कुमार पुत्र कृष्ण कुमार की शिकायत पर दो महिलाओं के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420,120बी के तहत मामला दर्ज किया है।

संदीप कुमार ने बताया कि करीब छह महीने पहले गांव जुगलान में उसकी मुलाकात कथा प्रवचन करने आई साध्वी संजु अग्रवाल निवासी हिसार के साथ हुई थी। तब उसने बताया कि उनकी संस्था गरीब बच्चों का विवाह करवाती है। कोई लड़का हो तो उसकी शादी करवा दूंगी लेकिन विवाह का खर्च लड़के वाले को देना होगा। उसने बताया कि उसने शादी के लिए हां की तो वह उसे सिरसा के गुरु तेगबहादुर नगर में लेकर आई और पूजा नामक लड़की दिखाई। उसने लड़की पसंद की, जिस पर विवाह खर्च के रूप में उससे एक लाख 95 हजार रुपये लिए। इसके बाद 19 अप्रैल 2023 को उसका पूजा के साथ विवाह हुआ। उस दिन एक लाख 90 हजार रुपये और लिए गए।

## डबवाली में किसानों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

राष्ट्रीय किसान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जसवीर सिंह भाटी के नेतृत्व में सीसीआई द्वारा नरमे की खरीद शुरु करवाने की मांग को लेकर किसानों ने मार्किट कमेटी के सामने धरना प्रदर्शन किया। इस मौके एकत्रित किसानों ने मार्किट कमेटी सचिव जयंती देवी को एक मांग पत्र भी सौंपा। धरनारत किसानों को संबोधित करते हुए किसान नेता जसवीर सिंह भाटी ने कहा कि नरमे की फसल अनाज मंडी पिछले तीन महीनों से लगातार आ रही है, लेकिन सीसीआई ने नरमा की खरीद नहीं कर रही। उन्होंने कहा कि किसान अपनी फसल लेकर मंडियों में बैठा है और यहां पर भी किसानों का नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि किसान तंगहाल है और उन्हें ओर तंग व परेशान न किया जाए। इस मौके प्रीतपाल सिंह, जगसीर सिंह, मनदीप सिंह, निशान सिंह, कुलदीप सिंह, कृष्ण कुमार, चरणजीत सिंह, बलकरण सिंह, अमृत सिंह, राजेश लखुआना, भजन सिंह, परमजीत सिंह, सुखमन सिंह सहित कई अन्य किसान मौजूद थे।



सिरसा। मांगों को लेकर मार्केट कमेटी की सचिव को ज्ञापन देते किसान।

## न्याय की मांग को लेकर ग्रामीण पहुंचे एसपी कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

गांव गिंदड़ा के ग्रामीण बुधवार को न्याय की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता के पिता ने बताया कि बीते दिनों को गांव के ही अनिल व पवन ने बेटी के साथ गलत काम किया। ग्रामीणों का आरोप है कि इस साजिश में एक महिला निर्मला देवी भी शामिल है। उसने पहले घर से जेवरात चोरी करवाए व किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ शिकायत भी दर्ज करवाई गई, लेकिन अभी तक मुख्य साजिशकर्ता महिला के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने एसपी से मांग की है कि आरोपी महिला को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए। पीड़ित परिजनों ने बताया कि आरोपी पिछले एक-डेढ़ साल से उनकी बेटी को प्रताड़ित व तंग कर रहे हैं। आखिरकार बेटी ने अपने साथ हुए घटनाक्रम के बारे में परिजनों को बताया जिस पर रानियां थाना पुलिस को शिकायत दी गई, लेकिन वहां उचित कार्रवाई नहीं हुई।

## आंगनवाड़ी वर्कर्स ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

आंगनवाड़ी वर्कर्स व हेल्पर्स ने बुधवार को सरकार के खिलाफ लघु सचिवालय में धरना देकर प्रदर्शन किया। दोपहर को आंगनवाड़ी वर्कर्स व हेल्पर्स ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त पार्थ गुप्ता को ज्ञापन सौंपा।

उपायुक्त को सौंपे ज्ञापन में आंगनवाड़ी वर्कर्स व हेल्पर्स ने मुख्यमंत्री से कहा कि 18 नवंबर को सरकार ने उनके लिए कुछ घोषणाएं की थी। यह एक सकारात्मक कदम है, लेकिन कुछ गंभीर मांगों व समस्याओं का हल अभी तक सरकार ने नहीं किया गया है। ज्ञापन में आंगनवाड़ी वर्कर्स व हेल्पर्स ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि उनका न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए लागू किया जाए। वर्कर्स व हेल्पर को कुशल व अकुशल की श्रेणी में रखा जाए। ग्रेच्युटी व पीएफ की सुविधा प्रदान करने के साथ बढ़ा हुआ मानदेय सरकार तुरंत जारी करें। इसके अलावा सितंबर 2018 से 1500 च 750 का पांच साल का एरियर का भुगतान किया जाए। वर्कर्स व हेल्पर्स का कहना है कि सरकार वर्कर्स से सुपरवाइजर को पदोन्नति वरिष्ठता के आधार पर दे।

**अभियान** बेसहारा पशुओं को पकड़कर रामनगरिया गौशाला में भेजा

## नप प्रशासन ने चलाया पशु पकड़ो अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

नगर परिषद प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए बीते मंगलवार रात्रि रानियां रोड पर पशु पकड़ो अभियान चलाया और बेसहारा पशुओं को पकड़कर रामनगरिया गौशाला में भेजा।

इस अभियान का नेतृत्व एसीयूटी शाश्वत सांगवान और नगरपरिषद के कार्यकारी अधिकारी अतर सिंह ने किया। टीम के सहयोग के लिए नगरपरिषद से मुख्य सफाई निरीक्षक जयवीर सिंह, सफाई निरीक्षक पवन कंबोज और सफाई निरीक्षक प्रवीण शर्मा सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद थे। नगरपरिषद की पशु पकड़ो अभियान की खबर मिलते ही कुछ पशुपालकों ने पहले ही अपने पशुओं को अपने घरों में बांध लिया जबकि अन्य सड़कों पर विचरण करने वाले पशुओं को ठेकेदार की टीम ने पकड़ कर गौशाला में भेज दिया।



सिरसा। नगरपरिषद के कर्मचारी रात को पशु पकड़ो अभियान चलाते हुए।

### उपायुक्त के निर्देश पर कार्रवाई

उपायुक्त पार्थ गुप्ता बीते मंगलवार सुबह जब शहर के सफाई व्यवस्था का दौरा करने रानियां रोड पर पहुंचे तो उन्हें सब्जी मंडी के बाद बने पॉइंट पर काफी संख्या में बेसहारा पशु विचरते दिखाई दिए जिस पर उन्होंने तत्काल नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अतर सिंह को इन पशुओं को पकड़ने के निर्देश जारी किए थे। उपायुक्त के निर्देश नप की टीम ने 12 घंटे के भीतर ही पशुओं को पकड़ने का अभियान शुरू किया। नप के कार्यकारी अधिकारी ने पशुपालकों से भी आग्रह किया है कि वह पशुओं को सड़क पर न छोड़ें व घरों में बंद कर रखें।


### सरपंचों को दी भारतीय मानक ब्यूरो की जानकारी

**ओढां।** ओढ़ां स्थित सामुदायिक केंद्र में ओढ़ां ब्लॉक के सभी सरपंचों को बुधवार को भारतीय मानक ब्यूरो की जानकारी दी गई। बीडीपीओ समिता कातकड़े के अतिरिक्त ऑल इंडिया कं'यूमर वेल्फेयर काउंसिल के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपप्रधान गुरभेज सिंह ढिल्लों, संतोष राज व काउंसिल की रा'य प्रधान एडवोकेट सिंपल भी मौजूद थे। उन्होंने ओढ़ां ब्लॉक के सभी सरपंचों को भारतीय मानक ब्यूरो से संबंधित जानकारी विस्तार से दी और बीआईएस केयर एप डाउनलोड करवाया। इससे गांव के किसानों को कृषि क्षेत्र में भी काफी सहायता मिलेगी। बीआईएस केयर एप से गुणवत्ता चिन्हों की पहचान किस प्रकार से की जा सकती है एवं किसान अपने कृषि में उपयोग होने वाले उपकरणों की जांच कैसे कर सकते हैं।



## मस्कुलर बॉडी से ज्यादा जरूरी है हम अपनी हेल्थ पर फोकस करें


इन दिनों सोनी सब चैनल पर टेलीकास्ट हो रहे सीरियल 'वंशज' में नील भारद्वाज के रोल में मोहित कुमार दिख रहे हैं। नील एक्टिंग के साथ ही अपनी हेल्थ-फिटनेस पर भी पूरा ध्यान देते हैं। उनका फिटनेस फंडा जानिए, उन्हीं की जुबानी।



**फिटनेस फंडा**

मोहित कुमार

मेरा मानना है कि लाइफ में हेल्दी रहना बहुत जरूरी है। पैसा और बाकी सारी चीजें आती-जाती रहती हैं, लेकिन हेल्थ हमारे साथ हमेशा रहती है। अगर लाइफ में सारी सुख-सुविधाएं हैं लेकिन आप फिट नहीं हो, कुछ भी यूज करने के लिए हेल्दी नहीं हो तो किसी भी सुख-सुविधा की क्या वैल्यू रह जाएगी? आप ज्यादातर टाइम बीमार रहते हो या कोई भी प्रॉब्लम बॉडी में है तो लाइफ का कोई मजा नहीं रह जाएगा। इसलिए मेरे लिए तो लाइफ का सबसे बड़ा एजेंडा है कि खुश रहो, हेल्दी रहो, फिट रहो और अपना ध्यान रखो।



**बचपन से रहा हूं फिटनेस कॉन्शस :** मैं स्कूल टाइम से ही स्पोर्ट्स से जुड़ा रहा हूं। लॉन टेनिस और फुटबॉल खूब खेलता था। मेरे घर वाले भी सुबह चार बजे उठकर रनिंग या वॉक के लिए अपने साथ मुझे ले जाते थे। यानी बचपन से ही मुझे आदत हो गई कि सुबह उठकर रनिंग के लिए जाना है। मेरा वो रूटीन अब भी बना हुआ है। मुझे यह रूटीन बहुत अच्छा लगता है, मैं इसे खूब एंज्वॉय करता हूं। जब तक सुबह उठकर रनिंग या वर्कआउट ना करूं, तो मेरा डेली रूटीन स्टार्ट ही नहीं होता है। मैं अपना फिटनेस आइडल अपनी मम्मी को मानता हूं, क्योंकि बचपन से उन्होंने ही फिट रहने की हैबिट मुझमें डेवलप की।

**हेल्दी होना है ज्यादा इंपॉर्टेंट :** मैं फिट बॉडी से ज्यादा इंपॉर्टेंट हेल्दी होने को मानता हूं। क्योंकि फिट दिखना आपके लिए ईजी है लेकिन अगर आप अंदर से हेल्दी नहीं हैं तो बाहर की फिटनेस का क्या फायदा? बॉडी अच्छी दिख रही है लेकिन आप अंदर से बीमार हैं, शरीर में कोई प्रॉब्लम है तो आप हेल्दी नहीं कहलाएंगे। जब आप खुश होते हैं, फिट होते हैं, हेल्दी होते हैं, तो वो आपके चेहरे पर दिखता है। इसीलिए मेरा मानना है कि फिट, मस्कुलर बॉडी दिखाने से अच्छा है, आप अपनी हेल्थ पर फोकस करो। इसके लिए हेल्दी डाइट लें, डेली वर्कआउट करें, पूरे दिन का न्यूट्रिशस डाइट प्लान बनाकर उसे फॉलो करें।

**डाइट प्लान :** मैंने अपना डाइट शेड्यूल ऐसा बनाया है कि मैं पूरे दिन में एक ही बार खाना खाता हूं। एक ही मील में चपाती, चिकन, एग, सब्जियां और स्वीट डिश सब होता है। एक मील में ही सब कुछ खा लेता हूं। लेकिन बाकी पूरा दिन फास्टिंग करता हूं। अगर रात को शूटिंग है तो मॉर्निंग में खाना खाता हूं। जब शूट नहीं होती है तो घर में हल्का खाता रहता हूं।

**मेरा वर्कआउट शेड्यूल :** काफी सालों से मेरा वर्कआउट रूटीन यही रहा है कि सुबह जल्दी उठकर 7-8 किलोमीटर रनिंग पर जाना है। घर आकर ब्रेकफास्ट करता हूं, फिर जिम चला जाता हूं। अगर सुबह बारह बजे की शिफ्ट है, टाइम नहीं है या बाहर तेज धूप या बारिश का मौसम है तो घर की सीढ़ियों पर आधे घंटे ऊपर-नीचे करके वर्कआउट कर लेता हूं। जिम में स्ट्रेंथ ट्रेनिंग कम करता हूं और क्रॉसिंग एक्सरसाइज पर ज्यादा ध्यान देता हूं। मेरा फोकस मसल्स बनाने पर नहीं बल्कि फ्लेक्सिबल बॉडी पर रहता है। क्रॉसिंग एक्सरसाइज से ओवरऑल बॉडी पर वर्कआउट होता है।

**ऐसे रहता हूं मेंटली हेल्दी :** आज के दौर में मेंटली फिट रहना एक चैलेंज होता है। हेक्टिक शेड्यूल, कई तरह की प्रॉब्लम्स से स्ट्रेस हो ही जाता है। मेंटली फिट रहने के सबके अलग-अलग फंडे होते हैं। मेरा फंडा यह है कि जब भी मुझे मेंटली अच्छा नहीं लग रहा है तो मैं रनिंग के लिए चला जाता हूं। मुझे रनिंग करना पसंद है। डेली 5-7 किलोमीटर की रनिंग में मैं खुद से बात करता हूं, प्रॉब्लम के बारे में सोचता हूं। इससे मेरी 99.99 प्रॉब्लम्स दूर हो जाती हैं। मैं स्ट्रेसफ्री फील करने लगता हूं। *

**प्रस्तुति : सेहत फीचर्स**

## क्यों होती है स्टोन प्रॉब्लम जानें लक्षण-कराएं उपचार

गलत लाइफस्टाइल और डाइट हैबिट की वजह से हाल के दिनों में पथरी (स्टोन) की समस्या कॉमन होती जा रही है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि इसके होने के कारण क्या हैं और यह कितने प्रकार की हो सकती है? यहां डिटेल में बता रहे हैं इसके प्रमुख लक्षणों और उपचार के तरीकों के बारे में।



**डॉक्टर एडवाइस**

डॉ. मयंक गुप्ता

डायरेक्टर-यूरोलॉजी, धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, नई दिल्ली

पथरी एक कंकड़ जैसी कठोर और क्रिस्टलीय संरचना होती है, जिसका विकास शरीर के विभिन्न भागों जैसे- किडनी, यूरिनरी ट्रैक्ट, पैंक्रियास, टॉन्सिल, स्लाइवरी ग्लैंड्स या पित्ताशय की थैली (गॉल ब्लैडर) आदि में हो सकता है। पथरी के कारण पेशेंट को असहनीय दर्द होता है। पथरी के आकार में वृद्धि और विकास के साथ कई तरह के जोखिम का खतरा भी बढ़ सकता है। इसलिए जरूरी है कि पथरी के लक्षणों पर समय रहते ध्यान दिया जाए और निवारक उपाय अपनाए जाएं। यदि सही समय पर पथरी का इलाज नहीं हो पाता है तो मरीज को आगे चलकर कई तरह की गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

### स्टोन होने के प्रमुख लक्षण

सामान्यतः पथरी की बीमारी 30 से 40 साल की उम्र में देखी जाती है, जिसमें पुरुषों की संख्या महिलाओं की तुलना में तीन से चार गुना अधिक हो सकती है। पथरी के लक्षण इस बात पर निर्भर करते हैं कि पथरी का विकास शरीर के किस भाग में हुआ है। किडनी में पथरी के विकास के कारण व्यक्ति को पेट और कमर में गंभीर दर्द महसूस हो सकता है। किडनी स्टोन का आकार 5 एमएम. से बड़ा है तो मूत्र मार्ग में रुकावट और यूरिनरी ट्रैक्ट संक्रमण जैसी समस्याओं को जन्म दे सकता है। इसी तरह पैंक्रियास में पथरी के विकास के कारण पेट में तेज दर्द के साथ सूजन जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं। कभी-कभी स्लाइवरी ग्लैंड्स में क्रिस्टलीय संरचना का विकास होने लगता है, जो बाद में पथरी का रूप ले लेता है, जिससे व्यक्ति को स्लाइवरी ग्लैंड्स में दर्द महसूस होने लगता है। गले में पीछे की तरफ टॉन्सिल स्टोन का विकास भोजन में उपस्थित हानिकारक पदार्थ और बैक्टीरिया के प्रभाव के कारण होता है, जिससे व्यक्ति को भोजन निगलने में कठिनाई महसूस हो सकती है। साथ ही गले में खराश और बदबू बनी रहती है। इसके अलावा पित्ताशय की थैली में पथरी के विकास के कारण पेट में गंभीर दर्द, उल्टी, पीलिया, बुखार और कमजोरी जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

### रोग के कारण और प्रकार



ऐसा देखने में आ रहा है कि वर्तमान समय में लोगों को किडनी स्टोन की समस्या का सामना अधिक करना पड़ रहा है। यूरीन में केमिकल्स की अधिक मात्रा, शरीर में मिनरल्स की कमी, जंक फूड का सेवन और कम मात्रा में पानी पीना किडनी स्टोन के मुख्य कारण माने जाते हैं। इनमें कैल्शियम स्टोन और यूरिक एसिड स्टोन के मरीजों की संख्या अधिक होती है। पैंक्रियास में होने वाले स्टोन का मुख्य कारण, अधिक शराब का सेवन को माना जाता है। इसके अलावा स्मोकिंग और निकोटिन का सेवन, उच्च वसा और उच्च प्रोटीन युक्त भोजन, वंशानुगत कारक और संकीर्ण या ब्लॉक्ड पैंक्रियास ट्रैक्ट के कारण भी पैंक्रियास में पथरी का विकास हो सकता है। स्लाइवरी ग्लैंड में पथरी एक दुर्लभ प्रकार की पथरी है। यह पथरी डिहाइड्रेशन, खराब खान-पान, एब्नॉर्मल ब्लड प्रेशर और मूत्रवर्धक दवाओं के सेवन के कारण हो सकती है। वहीं गले में टॉन्सिल स्टोन खराब खान-पान, बैक्टीरिया और कवक संक्रमण के कारण विकसित हो जाती है। शरीर में पाचन के लिए पित्त की आवश्यकता होती है, लेकिन पित्त जब कोलेस्ट्रॉल को घोल नहीं पाता है, तब एक्सट्रा कोलेस्ट्रॉल पित्ताशय में पथरी का रूप ले लेता है।



### ट्रीटमेंट के तरीके

शरीर में पथरी के रोग का निदान इसके स्थान, आकार, प्रकार और मरीज की अन्य शारीरिक स्थितियों पर निर्भर करता है। निदान में कई उपचारक विधियां हैं, जो इस बात पर निर्भर करती हैं कि पथरी किस भाग में विकसित हुई है? किडनी स्टोन के उपचार के लिए अधिक तरल पदार्थ के सेवन के साथ दर्द निवारक प्रक्रियाओं और किडनी को तोड़ने में मदद करने वाली दवाओं का उपयोग किया जा सकता है। किडनी स्टोन की स्थिति में गर्म पानी पीना लाभकारी होता है।

किडनी स्टोन का आकार बढ़ जाने पर और पित्ताशय की पथरी के उपचार के लिए सर्जरी की आवश्यकता पड़ सकती है। इसके अतिरिक्त स्लाइवरी ग्लैंड की पथरी के उपचार के लिए सियालेंडोस्कोपी सर्जरी की सलाह भी डॉक्टर द्वारा दी जाती है, जो एक मिनिमम इनवेंसिव प्रक्रिया है। साथ ही कई बार पथरी के उपचार के लिए डॉक्टर शॉक वेव थेरेपी की भी सलाह देते हैं, इसलिए बहुत आवश्यक है कि डॉक्टर की सलाह लें और जरूरी जांच कराएं, जिससे पथरी का निदान जल्द से जल्द हो सके। *

**प्रस्तुति : सेहत डेस्क**


### सर्दियों में पथरी का अधिक खतरा

**अकसर हम** सर्दियों में कम पानी पीते हैं, जिससे स्टोन बनने का खतरा भी पैदा हो सकता है। दरअसल, ठंड के मौसम में कम पानी पीने के कारण किडनी यूरिन के जरिए टॉक्सिक पदार्थों को शरीर से बाहर निकालने में सक्षम नहीं हो पाती और गंदगी जमा होने के कारण पथरी होने की संभावना बनी रहती है। ठंड के मौसम में तापमान कम होने के साथ शरीर की दूसरी बीमारियां होना शुरू हो जाती हैं, जिसका सीधा असर किडनी पर पड़ सकता है। इसलिए ठंड के मौसम में भी खुद को हाइड्रेट रखना जरूरी है, इससे आपकी किडनी अच्छे से खून की सफाई करती है। साथ ही टॉक्सिक पदार्थों को भी यूरिन के जरिए बाहर निकाल देती है। यही नहीं इस कारण खून में सोडियम, पोटैशियम और कैल्शियम का लेवल भी बरकरार रहता है, जिससे आपको पथरी होने की संभावना बहुत कम हो जाती है। *



अगर आपको अकसर पेट दर्द, लूज मोशन और वॉमिटिंग जैसी समस्या होती है तो इसे अनदेखा ना करें। ऐसा सीलिएक डिजीज के कारण हो सकता है। जानिए, इस बीमारी के लक्षण और बचाव के तरीकों के बारे में।

## सीलिएक डिजीज से ऐसे करें बचाव




**प्रिकॉशन**

विनीता

हमारे नियमित खान-पान में गेहूं से बने खाद्य प्रमुखता से शामिल होते हैं। रोटी, पूरी, परांठा, ब्रेड और बिस्किट का सेवन अधिकतर लोग अपने नाश्ते और खाने में करते हैं। लेकिन जिन्हें सीलिएक डिजीज की समस्या होती है, उनका पाचनतंत्र आटा, सूजी या मैदे से बने किसी भी खाद्य पदार्थ को पचाने में असमर्थ होता है। सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि इस समस्या से ग्रस्त अधिकतर लोगों को इसका अंदाजा नहीं होता है और वे ताउम्र पेट से जुड़ी अन्य बीमारियों का इलाज कराते रहते हैं।

**क्या है सीलिएक डिजीज :** यह ऐसी बीमारी है, जिसमें व्यक्ति गेहूं में मौजूद ग्लूटेन नामक प्रोटीन के प्रति एलर्जिक हो जाता है। यह ऐसी शारीरिक अवस्था है, जब ग्लूटेन के खिलाफ शरीर में एंटीबॉडीज बनने लगती हैं, जो आंतों में ग्लूटेन पचाने वाले तत्वों को ही नुकसान पहुंचाने लगती हैं। नतीजतन व्यक्ति गेहूं से बनी चीजों को पचा नहीं पाता। कई बार छह माह की उम्र के बाद जब बच्चे को दूध के अलावा बिस्किट, रोटी जैसी चीजें दी जाती हैं, तभी से उन्हें पाचन में दिक्कत, पेट दर्द और वॉमिट जैसी समस्याएं होती हैं और कम उम्र से बच्चों में इसके लक्षणों की पहचान हो जाती है। कई बार जेनेटिक कारणों से भी यह समस्या होती है। इस बीमारी से बच्चों का विकास धीमी गति से होता है, क्योंकि आंतें पोषक तत्वों को अवशोषित नहीं कर पाती हैं।

**प्रमुख लक्षण :** पेट का फूलना, दर्द, उल्टी, पेट खराब होना, कमजोरी, थकान और खून की कमी जैसे लक्षण सीलिएक डिजीज के मरीज में नजर आते हैं।

**साइड इफेक्ट्स :** इस बीमारी के कारण आंतें भोजन को पचा नहीं पातीं, इससे शरीर जरूरी मिनरल्स को अवशोषित नहीं कर पाता, जिससे उन्हें कई तरह की अन्य बीमारियां घेर लेती हैं। लड़कियों को ऐसी समस्या हो तो शादी के बाद उन्हें मिसकैरेज होने का खतरा रहता है। सीलिएक रोग की वजह से कुछ लोगों को ब्रेन और स्किन संबंधी ऑटो इम्यून डिजीज भी परेशान करती है। इसकी वजह से डायबिटीज टाइप-1, हार्ट अटैक और कॉर्डियोवैस्कुलर डिजीज होने का भी अंदेशा रहता है। अगर ग्लूटेन फ्री डाइट ना ली जाए तो इसकी वजह से आंतों का कैंसर भी हो सकता है।

**टेस्ट :** अगर कोई भी लक्षण नजर आए तो सबसे पहले टीटीजी (टिशू ट्रांसग्लूटामिनेज एंटीबॉडी) टेस्ट जरूर करवा लेना चाहिए। रिपोर्ट पॉजिटिव आए तो, इसका मतलब यही है कि व्यक्ति सीलिएक डिजीज से ग्रस्त है। कई बार जांच की पुष्टि के लिए एंडोस्कोपी या बायोप्सी की भी जरूरत पड़ती है।

**प्रिवेंशन :** इस समस्या का कोई उपचार नहीं है। इसकी वजह से शरीर में जिन पोषक तत्वों की कमी हो जाती है, सप्लीमेंट्स के माध्यम से उन्हें दूर करने की कोशिश की जाती है। इसलिए बचाव ही इसका एकमात्र समाधान है। आप गेहूं के बजाय चावल, ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का जैसे मिलेट्स को अपने आहार में शामिल करें। कोई भी डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ खरीदते समय उसके पैकेट को ध्यान से पढ़ लें कि कहीं उसे तैयार करने में गेहूं, मैदा, सूजी और राई का इस्तेमाल तो नहीं किया गया। अपने भोजन में प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों जैसे- दूध, दही, पनीर, अंडा और मछली को शामिल करें। *

**(मणिपाल हॉस्पिटल, गाजियाबाद में एचओडी-डाइटेटिक्स डॉ. अदिति शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

## गुणों का खजाना मेथी दाना

**घरेलू औषधि / रेखा देशराज**

अपने देश में सदियों से मेथी दाने का प्रयोग मसालों के साथ-साथ औषधि के रूप में भी किया जाता रहा है। खासतौर पर अगर सर्दियों के लिए चार या पांच ऐसे मसालों की सूची बनाई जाए, जो सबके लिए उपयोगी हों, तो उनमें मेथी दाना जरूर शामिल होगा। दरअसल, ठंड के दिनों में मेथी दाना हमें ना सिर्फ गरमाइश से भरपूर रखता है, साथ ही शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूत बनाता है।

**कई तरह से फायदेमंद :** आयुर्वेद में मेथी दाने को गुणों का खजाना कहा जाता है। सैकड़ों सालों से भारतीय लोगों को इसकी विशिष्टता का भान रहा है। इसलिए मेथी दाने को भारतीय घरों में दर्जनों तरह से उपयोग किया जाता है। मेथी दाना हमारे दिल को स्वस्थ रखता है, इसके नियमित सेवन से हार्ट अटैक की आशंका काफी घट जाती है। पोटैशियम से भरपूर होने के कारण यह हृदय की गति और रक्तचाप को नियंत्रित करने में मददगार होता है।




**सुबह खाने के फायदे :** हर दिन सुबह खाली पेट भीगे हुए मेथी दाने खाने के बहुत सारे फायदे होते हैं। मेथी दाना खाने से शरीर को बैक्टीरिया-वायरस से लड़ने की ताकत मिलती है। मेथी दाने में गैलेक्टोगॉग्स नाम का एक कंपाउंड होता है, जिस कारण दूध पिलाने वाली मांओं में भरपूर दूध बनता है। यह टेस्टोस्टेरॉन हार्मोन को बनाने में मदद करता है, जिससे पुरुषों में सेक्स पावर बढ़ती है। यह कैल्शियम से भरपूर होता है, जिससे हड्डियां मजबूत होती हैं और जोड़ों में होने वाले दर्द से छुटकारा मिलता है। यह वजन कम करने में भी मददगार है। इसके नियमित सेवन से खराब कोलेस्ट्रॉल घटता है और अच्छा कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है। यह ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में भी कारगर है। यह डायबिटीज को भी कंट्रोल करता है, इसके लिए रात भर भीगे हुए मेथी दाने का पानी सुबह पीना हितकर है।

**ना करें अधिक सेवन :** जहां एक तरफ मेथी दाना स्वास्थ्य के लिए वरदान है, वहीं अधिक मात्रा में सेवन करने से कई नुकसान भी होते हैं। ज्यादा सेवन करने से ब्लड शुगर लेबल कम हो सकता है, शरीर में गैस बनने लगती है, पेट खराब हो सकता है, जिससे दस्त शुरू हो सकते हैं और मितली भी आने लगती है। इसलिए यह जानना बहुत जरूरी है कि एक दिन में कितना मेथी दाना इस्तेमाल करें। वैसे एक दिन में एक स्वस्थ वयस्क को एक चम्मच से ज्यादा मेथी दाने का सेवन नहीं करना चाहिए। बेहतर यही है कि इसका सेवन करने से पहले किसी आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह अवश्य कर लें।

**ये लोग ना करें सेवन :** अगर आपका ब्लड प्रेशर लो रहता है तो मेथी का सेवन नुकसानदायक हो सकता है, क्योंकि मेथी दाना खाने से ब्लड प्रेशर काफी कम हो जाता है। गर्भवती महिलाओं को मेथी दाने के सेवन से बचना चाहिए क्योंकि इससे पेट खराब हो सकता है, गैस ज्यादा बनने लगेगी। *

आमतौर पर हाइजीनिक और हेल्दी बॉडी के लिए डेली नहाने को जरूरी माना जाता है। लेकिन एक स्टडी में बताया गया है कि अगर गलत तरीके से आप नहाते हैं तो रोज नहाना भी हार्मफुल हो सकता है।

## रोजाना नहाने के भी हो सकते हैं नुकसान!



**न्यू स्टडी**

नम्रता नदीम

इस लेख की हेडिंग पढ़कर हो सकता है आप चौंक गए हों। दरअसल, बचपन से हम सबने रोज नहाने के फायदे ही सुने और पढ़े हैं। कुछ साल पहले एक मेडिकल जर्नल ने रोजाना नहाने को एक इंपॉर्टेंट हेल्थ कॉन्शसनेस माना था। इसलिए इस पर यकीन करना मुश्किल है कि नहाने के नुकसान भी हो सकते हैं। अमेरिका और पश्चिमी देशों में आमतौर पर लोग काफी देर तक नहाते हैं। कई लोग तो घंटों बाथ टब के झाग वाले पानी में पड़े रहते हैं। इससे स्किन को नुकसान हो सकता है।

**क्या कहती है स्टडी :** हार्वर्ड हेल्थ की एक रिपोर्ट के मुताबिक आमतौर पर हेल्दी स्किन पर ऑयल की परत चढ़ी होती है। यह परत शरीर में गुड बैक्टीरिया को संतुलित रखने का काम करती है। जब रोज नहाते समय हम त्वचा को ज्यादा रगड़ते हैं, तो ऑयल की परत के साथ गुड बैक्टीरिया भी निकल जाते हैं। जब हम गरम पानी से नहाते हैं तब तो और भी ज्यादा नुकसान होता है। मल-मल कर नहाने से त्वचा खुरदरी हो जाती है। खुरदुरी त्वचा कई तरह के संक्रमणों के लिए सेंसिटिव बन जाती है, क्योंकि रफ स्किन में हार्मफुल बैक्टीरिया आसानी से छिप जाते हैं। इसके उलट जब त्वचा चिकनी होती है, तो उसमें बैक्टीरिया का छुपना मुश्किल हो जाता है। यही कारण है कि डॉक्टर नहाने के तुरंत बाद सनस्क्रीन क्रीम या लोशन लगाने की सलाह देते हैं। गांवों में नहाने के तुरंत बाद सरसों का तेल लगाए जाने का चलन है। सदियों से उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत में खासतौर पर ठंड के मौसम में नहाने के बाद तेल लगाने का चलन है।

**रोजाना नहाने के नुकसान :** नहाने से संबंधित कई तरह के शोध हो रहे हैं, उनके मुताबिक शरीर में एंटीबॉडी बनाने और हमारी इम्यूनिटी को बढ़ाने में कई गुड बैक्टीरिया जरूरी होते हैं। ज्यादा रगड़कर नहाने से या हार्ड सोप से नहाने पर वो शरीर से निकल जाते हैं। इसलिए कुछ डॉक्टर्स बच्चों को रोजाना ना नहलाने की सलाह देते हैं।

**ये उत्पाद भी हैं हार्मफुल :** विशेषज्ञों ने अपने अध्ययन में पाया है कि साफ-सफाई के लिए हाल के सालों में विकसित कई उत्पाद मसलन साबुन, शैंपू से लेकर कई कॉस्मेटिक्स हमारी स्किन के लिए हार्मफुल होते हैं। मसलन, एंटी-बैक्टीरियल शैंपू और साबुन से नहाने पर शरीर के गुड बैक्टीरिया मर जाते हैं। इससे शरीर को नुकसान होता है। शोध विशेषज्ञों ने यह भी पाया है कि कई एंटी-बैक्टीरियल शैंपू तत्कालिक रूप से तो हमारे गुड बैक्टीरिया को नुकसान पहुंचाते ही हैं, त्वचा में बैक्टीरिया का बैंलेस भी कम करते हैं। साथ ही इससे ऐसे बैक्टीरिया भी पैदा होते हैं, जो एंटी-बायोटिक दवाओं के प्रति अधिक प्रतिरोधी होते हैं। मतलब यह कि इसके बाद एंटी-बायोटिक्स का असर आप पर कम होने लगता है।

**हार्मफुल हो सकता है गर्म पानी से नहाना :** शोध में यह भी पाया गया कि शॉवर के नीचे खड़े होकर नहाना बहुत नुकसानदेह है। साथ ही गरम पानी का शॉवर लेना और भी हार्मफुल हो सकता है। अब पूरी दुनिया में ऐसे शोध भी सामने आ रहे हैं, जो बताते हैं कि अगर आप हमेशा सामान्य से अधिक गरम पानी से नहाते हैं तो आंखों पर बुरा असर पड़ सकता है। इससे आंखों से संबंधित परेशानियां हो सकती हैं।

कहने का सार यही है कि रोज नहाने में बुराई नहीं है। लेकिन जरूरत से ज्यादा रगड़ने, देर तक नहाने, ज्यादा गर्म पानी से नहाने या हार्ड केमिकल वाले शैंपू, साबुन से नहाना हार्मफुल हो सकता है। *

**आमंत्रित हैं लेख...**

स्वयं डॉक्टर्स या लेखक, स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से बातचीत पर आधारित लेख हमें इस पृष्ठ में प्रकाशनार्थ भेज सकते हैं। लेख इस पते पर भेजें

हरिभूमि- संपादक-सेहत

129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035

या मेल करें- sehatharibhoomi@gmail.com

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में वामपंथी नेता सुरजीत का निधन

**रतिया।** फतेहाबाद रोड पर देर रात्रि एक ट्रैक्टर की चपेट में आ जाने से वामपंथी नेता व देहाती मजदूर सभा के राज्य कार्यकारी सदस्य सुरजीत सिंह का निधन हो गया। उनके निधन से शहर में शौक का माहौल है। पुलिस ने मृतक सुरजीत सिंह के पुत्र के बयानों पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर लिया है।

### लूट के इरादे से पुलिस की गाड़ी रोकी, चार पकड़े

**सिरसा।** सीआईए डबवाली पुलिस ने राहगीरों को लूटने वाले गिरोह के चार सदस्यों को हथियारों सहित गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को किसी मुखबीर से सूचना मिली कि कुछ हथियारबंद युवक भारतमाला रोड पुल के नीचे आने-जाने वाले वाहनों को लूटने की फिराक में है। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने गाड़ी से लाल बत्ती हटाई और अपनी वर्दी भी गाड़ी में छिपा कर रख दी।

### पति पर लगाया अप्राकृतिक यौन शोषण का आरोप

**फतेहाबाद।** जिले में महिला उत्पीड़न के दो मामले सामने आए हैं। पहले मामले में फतेहाबाद की एक महिला ने अपने पति व ससुरालजनों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और पति पर उससे अप्राकृतिक यौन शोषण करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। इस मामले में महिला थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर उसके पति, सास, ससुर व ननद के खिलाफ भादस की धारा 323, 34, 354ए1 आई, 377, 406, 498 ए व 506 के तहत मामला दर्ज किया है।

### मोबाइल से दूरी बनाने वाले बच्चें होंगे सम्मानित

**फतेहाबाद।** बचपन बचाओ एवं मोबाइल को बाय मिशन के अंतर्गत रेडक्रॉस सोसायटी जिले के उन विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करेगा जो विद्यार्थी मोबाइल को बाय कहकर मोबाइल से दूरी बना रहे हैं। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त एवं रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अजय सिंह तोमर ने बताया कि बच्चों के मानस पटल पर फोन प्रभाव डाल रहा है, जिसका असर आंखों और दिमाग पर भी पड़ रहा है।

### भाखड़ा में मिला पंजाब के एएसआई का शव

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद के गांव गोरखपुर के समीप बहने वाली भाखड़ा नहर में बुधवार को पंजाब के एक पुलिस कर्मी का शव बरामद हुआ है। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु नागरिक अस्पताल में भेज दिया। मृतक की शिनाख्त के लिए पुलिस द्वारा पंजाब क्षेत्र के थानों से संपर्क किया तो पता चला है कि मृतक कर्मी पटियाला क्षेत्र में कार्यरत था।

### नप अधिकारी लें शहर की समस्याओं का संज्ञान

**सिरसा।** नगर परिषद में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच की मांग को लेकर लघु सचिवालय में गुरलाल सिंह का धरना जारी है। बुधवार को धरने को विजय सैनी, भूपेंद्र सिंह वैदवाला, बजरंग, कपिल सरावगी, कमल कांटीवाल, प्रवीन सिंगला, राजेंद्र सिंह, सुरेंद्र, दिलप्रीत सेखों, कुलदीप सहित अन्य लोगों ने समर्थन दिया। गुरलाल सिंह ने कहा कि बीते दिवस उपायुक्त ने शहर का निरीक्षण किया था।

---

आवंटित राशि का खर्च किया जाना आवश्यक अथवा नहीं मिलेगी अगली किश्त

# सरकार ने ग्रामीण विकास को 7202 करोड़ का बजट आबंटित किया

**प्रदेश सरकार ने ग्राम पंचायतों को 800 करोड़ रुपये, ब्लॉक समितियों को 165 करोड़ रुपये तथा जिला परिषदों को 110 करोड़ रुपये आवंटित किए**

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना




टोहाना। गांवों में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करते कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली ने पंचायती राज संस्थानों के प्रतिनिधियों से कहा कि आवंटित किए गए 1100 करोड़ रुपये से विकास कार्य जल्द से जल्द पूरा करे, ताकि उन्हें आगामी विकास राशि आवंटित की जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों को 800 करोड़ रुपये, ब्लॉक समितियों को 165 करोड़ रुपये तथा जिला परिषदों को 110 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, इन आवंटित राशि का खर्च किया जाना आवश्यक है। उसके खर्च के बिना आगामी किस्त जारी नहीं हो सकेगी। इनके खर्च के बाद प्रदेश सरकार पंचायती राज संस्थाओं को तीन हजार करोड़ रुपये की राशि जारी करेगी। वे बुधवार को गांव बिढ़ाई खेड़ा, डांगरा, मादुवाला, रताखेड़ा, ललोदा, लोहाखेड़ा, कन्हड़ी, भीमेवाला, गाजूवाला, हंसेवाला, चितेन, पारता, सानियाना, पिरथला, ठरवी, ठरवा, फतेहपुरी, चंदडकलां, चन्दडखुर्द, इन्दाछुई, मनघेड़ा और रसूलपुर में 9 करोड़ 21 लाख रुपये की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास करने के उपरांत जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। कैबिनेट मंत्री सुबह ठंड के मौसम में दौड़ लगाते हुए गांव में पहुंचे और गांव के बुजुगारें और लड़कियों से इन परियोजनाओं का रिबन करवाया। विकास एवं पंचायत मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने ग्रामीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता निभाते हुए विकास के लिए 7202 करोड़ रुपये का बजट आबंटन किया हुआ है। वित्त वर्ष 22-23 में पंचायती राज संस्थाओं को अंतिम तिमाही के लिए 1100 करोड़ रुपये जारी किए गए थे।

अब 2023-24 में 3145 करोड़ रुपये की राशि जारी की जाएगी। ठोस अशिष्ट प्रबंधन के लिए भी व्यापक समाधान करने के लिए पहले चरण में 1500 ग्राम पंचायतों में मलयुक्त गाद का उचित संग्रह किया जा रहा है। प्रदेश सरकार खंड मुख्यालय जहां पर 20 किलोमीटर के दायरे में कोई एसटीपी नहीं है। वहां एक मलयुक्त गाद उपचार संयंत्र की स्थापना भी करेगी। इस अवसर पर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी हुकुमचंद कौशिक, एसडीओ दलबीर सिंह, एबीपीओ अरुण कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### मंत्री ने आज करना था उद्घाटन

**फतेहाबाद।** गांव इंदाछोई में प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री द्वारा विकास कायारें का उद्घाटन किया जाना था लेकिन इससे पूर्व ही कुछ शरारती तत्वों ने उद्घाटन पत्थर लगाने को लेकर पंचायत द्वारा बनाए गए स्ट्रक्चर को तोड़ दिया। इस मामले में सरपंच द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव इंदाछोई की सरपंच सुनीता ने कहा है कि बुधवार को हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली द्वारा गांव में विकास कायारें को लेकर उद्घाटन किया जाना था। इसको लेकर ग्राम पंचायत द्वारा उद्घाटन पत्थर हेतु चिनाई करवाकर स्ट्रक्चर बनवाया जा रहा था। सरपंच ने कहा कि रात के समय कुछ शरारती तत्वों ने उद्घाटन से पूर्व ही इस स्ट्रक्चर को तोड़ दिया। सुबह जब पंचायत सदस्यों ने स्ट्रक्चर को टूटा देखा तो इस बारे सरपंच को सूचना दी। बाद में इस मामले में हुई पंचायत में मौजूद सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास कर शरारती तत्वों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही का निर्णय लिया गया और बारे टोहाना के बीडीपीओ को भी सूचना दी गई। पुलिस ने सरपंच की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ सार्वजनिक सम्पति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में केस दर्ज कर लिया है।



## भजनलाल शर्मा के सीएम बनने पर ब्राह्मण समाज ने जताई खुशी

**सिरसा।** राजस्थान में भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम चौक पर लड्डू बांटकर व पटाखे बजाकर जश्न मनाया। ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ सुशील शर्मा ने बताया कि जैसे ही भजनलाल शर्मा को राजस्थान का मुख्यमंत्री बनाए जाने की घोषणा की गई, उसी वक्त सैकड़ों ब्राह्मण समाज के लोग चौक पर एकत्रित हो गए। सुशील शर्मा ने भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी का आभार व्यक्त किया। विप्र सेना की ओर से भी भगवान परशुराम चौक पर लड्डू बांटकर जश्न मनाया गया। सर्वप्रथम सभी पदाधिकारियों ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद ढोल नगाड़ों की थाप पर जमकर झूमते हुए सर्व ब्राह्मण समाज का आभार व्यक्त किया।

## विभिन्न स्कीमों की जागरूकता के लिए जिला में चलेगा अवेयरनेस प्रोग्राम

**फतेहाबाद।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के द्वारा नागरिकों को राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण व हालसा की विभिन्न स्कीमों की जानकारी देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए प्राधिकरण की ओर से पैनल अधिवक्ताओं व पैरा लीगल वॉलिंटियर्स की ड्यूटी निर्धारित कर शैड्यूल जारी किया गया है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव समप्रीत कौर ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष डीआर चालिया के मार्गदर्शन में जिला में 14 से 24 दिसंबर तक विभिन्न गांवों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सीजेएम समप्रीत कौर ने बताया कि 14 दिसंबर को गांव धारनिया में अधिवक्ता शहनवाज व पीएलवी महेंद्र सिंह तथा गांव चौबारा में अधिवक्ता सुमनलता व पीएलवी मुन्नी देवी, 16 दिसंबर को दौलतपुर में अधिवक्ता जीएस पन्नू व पीएलवी लक्ष्मी देवी तथा सुलीखेड़ा में अधिवक्ता अमन भट्टी व पीएलवी सुमन रानी, 17 दिसंबर को रजाबाद में अधिवक्ता सुभाष चंद्र जांगू व पीएलवी आदर्श तथा मताना में पियूष बत्तरा व अनुराग अग्रवाल, 18 दिसंबर को गांव नाढोड़ी में अधिवक्ता श्वेता रानी व पीएलवी सुनीता तथा ढाणी माजरा में अधिवक्ता सिद्धार्थ भोला व पीएलवी बलबीर सिंह, 19 दिसंबर को खजूरी जाटी में अधिवक्ता सुभाष चंद्र व पीएलवी मंजू रानी तथा गांव हिजरावां कलां में अधिवक्ता कपिल कुमार व लक्ष्मी देवी, 24 दिसंबर को गांव ढाणी कलां में अधिवक्ता सुधीर नारंग व पीएलवी सुमन रानी तथा गांव धौलू में अधिवक्ता संजीव कुमार व पीएलवी आदर्श में अधिवक्ता नागरिकों को जागरूक करेंगे।

## नियति बिश्नोई ने क्लेट में फहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना



■ देशभर में 57वां रैंक प्राप्त किया

राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों में 5 वर्षीय लॉ की डिग्री के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में भूना की बेटी नियति बिश्नोई ने देशभर 57वां रैंक प्राप्त किया है। इसके बाद बेटी को आशीर्वाद एवं बधाई देने वाले लोगों का तांता प्रमुख समाजसेवी एवं बिश्नोई महासभा के वरिष्ठ सदस्य प्रवीण धारनिया के घर लगा हुआ है। बता दें कि परीक्षा 3 दिसंबर को संपूर्ण भारत में आयोजित की गई थी। उपरोक्त परीक्षा में एक लाख से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया था और विभिन्न विधि विश्वविद्यालयों की लगभग तीन हजार सीटों के लिए यह परीक्षा हुई थी। परीक्षा में भूना के नेहरू पार्क एरिया की निवासी नियति बिश्नोई ने 57वां स्थान लेकर देश भर में अपनी प्रतिभा के दम पर हरियाणा व जिला फतेहाबाद तथा भूना कस्बा का नाम रोशन किया है। नियति बिश्नोई अब भारत के प्रतिष्ठित नेशनल स्कूल ऑफ लॉ बेंगलुरु में प्रवेश ले पाएंगी। इस सफलता से धारनियां परिवार में खुशी की लहर है।

## आरपीएस ग्रुप के कबीर डाबला ने हरियाणा में हासिल किया वन रैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। क्लैट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी।

आरपीएस ग्रुप के कबीर डाबला ने हरियाणा में कैटेगरी में पहला रैंक प्राप्त कर अपने माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इसके अलावा आरपीएस के जतिन ने दूसरा, समीर यादव ने पांचवां, सिद्धांत ने 31वां, मनीषा ने 35वां रैंक अपनी कैटेगरी में हासिल किया है। रुचि शर्मा ने 97.25 अंकों के साथ एआईआर 185, निधि निर्मल ने 92.75 अंकों के साथ कैटेगरी में 40वां रैंक, जतिन ने 94.25 अंकों के साथ कैटगरी में 43वां रैंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया हैं। विद्यालय के 59 विद्यार्थियों ने क्लैट में क्वालिफाई कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इसके अलावा आरपीएस ग्रुप से हिमांशु, समर यादव, दीया मेहरा, सिद्धांत, मनीषा, सच, निधि चौहान, हैप्पी, माही, नंदिनी, दक्ष, जयवीर, युग, यशवीर, तनीषा, नैंसी, हंसिका, रिया यादव, गौरव, भारत, कल्पना यादव, नताशा, रक्षित वर्मा, तानिया, मन्नत, रुचि शर्मा, जतिन, आकांक्षा तंवर, साक्षी, कीया गौतम, दिव्यांजलि, अंबिका, यतुशी चौहान, अखिल यादव, प्रियांशु, यादवेंद्र यादव, तनुश्री, किशिता, अक्षित, वानी, धरिती, पूर्वी, नंदिनी राव, हिमानी राव, कनिष्क, जितेश, दीपेश, कृष्ती ने क्लैट क्वालिफाई किया है। इस उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव ने उन्हें सम्मानित कर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि आरपीएस ग्रुप के बच्चे हर प्रतियोगी परीक्षाओं में अपनी प्रतिभा दिखाते हुए सफलता का परचम लहरा रहे हैं। बीते दिवस विद्यालय का आठवीं कक्षा छात्र मयंक केबीसी से करोड़पति बनकर लौटा है यह हम सब के लिए गौरव की बात है। सीईओ इंजी मनीष राव ने कहा कि क्लैट की परीक्षा में देशभर से हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं भाग लेते हैं। इस परीक्षा के आधार पर छात्र-छात्राओं की पहली पसंद एनएलएसआईवी बैंगलुरू, एनएलयू दिल्ली, एनएएल एसएओआर हैदराबाद, डब्ल्यूबीएनएलयू वैस्ट बंगाल तथा एनएलयू भोपाल संस्थान होते हैं। राष्ट्रीय स्तर की यह परीक्षा में हर वर्ष नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज द्वारा आयोजित की जाती है। परीक्षा के आधार पर ही बड़े संस्थानों के लिए विद्यार्थियों का चयन किया जाता हैं। इसके बाद चयनित छात्र-छात्राएं ही संबंधित मिलने वाले संस्थानों में कानून की पढ़ाई पढ़ लोगों को न्याय प्रदान करते हैं।

## व्यक्तिगत श्रेणी के कृषि यंत्रों का किया जाएगा भौतिक सत्यापन

**फतेहाबाद।** कृषि तथा किसान कल्याण विभाग की ओर से सीआरएम स्कीम के अंतर्गत व्यक्तिगत श्रेणी के विभिन्न कृषि यंत्रों का खंड स्तर पर सुबह 10 बजे सायं 4 बजे तक निर्धारित स्थानों पर भौतिक सत्यापन किया जाएगा। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि जिन किसानों ने सीआरएम स्कीम के तहत अलॉट हुए लक्ष्य के विभिन्न कृषि यंत्रों पर अनुदान लेने के लिए बिल जमा किए थे, उन कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन खंड स्तर पर डीएलईसी द्वारा बनाई गई संयुक्त समिति द्वारा किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि व्यक्तिगत श्रेणी के विभिन्न कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा।

## ट्रांसफार्मरों से तेल व ट्यूब्वैल केबल चुराने वाले गैंग के चार सदस्य पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

खेतों में बिजली के ट्रांसफार्मरों से तेल व सबमर्सिबल ट्यूबवेल की केबल चोरी करने वाले गैंग के चार सदस्यों को भूना पुलिस ने मंगलवार की देर शाम को चैकिंग के दौरान गिरफ्तार किया है। इनमें एक कबाड़ी भी शामिल था, जो चोरी का सामान कम दामों पर खरीद लेता था। आरोपियों के पास से पुलिस ने ट्रांसफार्मर का तेल व केबल जलाकर निकाली गई तांबे की तार को बरामद किया है। इनके पास से बड़े-बड़े दो कैन भी बरामद हुए हैं, जिसमें ये तेल रखते थे। पुलिस इनके अपराधिक इतिहास की और जानकारी करने में जुटी हुई है। पुलिस ने ट्रांसफार्मर से तेल चोरी करने के मामले में 3 शातिर आरोपियों सलिन्द्र कुमार, सोनू धौलू तथा कुलदीप सिंह महम्दपुर सोतर को कुनाल गांव के पास से गिरफ्तार किया। तेल चोरी किए जाने के संबंध में कुछ दिनों पहले बिजली विभाग के एसडीओ द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। गांव सनियाना, लहरिया, धौलू, हसंगा, दिगोह, भूंदडा तथा रहनखेड़ी आदि में कई किसानों ने खेतों में सबमर्सिबल ट्यूबवेल से केबल चोरी होने बारे शिकायत की थी। इन मामलों में जांच करते हुए थानाध्यक्ष शादी राम के नेतृत्व में पुलिस जांच अधिकारी सतीश कुमार व संदीप कुमार ने इन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## डेरा सच्चा सौदा में जांची आंखे

■ दूसरे दिन 3438 मरीजों के नेत्रों की हुई जांच व 114 का ऑपरेशन के लिए हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा



सिरसा। डेरा सच्चा सौदा में नेत्र जांच शिविर में मरीजों को निशुल्क दवाइयां देते हुए।

डेरा सच्चा सौदा में शाह सतनाम महाराज निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बुधवार को दूसरे दिन 3438 मरीजों की नेत्रों की जांच की गई व 114 मरीजों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल में आज नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मोनिका गर्ग व डॉ. गीतिका ने 50 चयनित नेत्र रोगियों के ऑपरेशन किए। कैंप में जांच के दूसरे दिन 3438 मरीजों की आंखों की जांच हो चुकी है। जिनमें 1542 पुरुष व 1896 महिला शामिल है। इनमें से 114 को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया है। जिनमें 7 काला मोतिया व 107 सफेद मोतिया के ऑपरेशन होंगे। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा यूरिन, ब्लड शुगर, हृदय सहित आवश्यक जांच के बाद मरीजों का ऑपरेशन के लिए चयन किया जा रहा है।

### टैक्सों की बढ़ोतरी से पिछड़ रहा उद्योग: गर्ग

**सिरसा।** व्यापारी प्रतिनिधियों की मीटिंग बुधवार को हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर बजरंग गर्ग ने कहा कि पूरे विश्व में जीएसटी के तहत सबसे 'याद्य टैक्स भारत में है। जब से देश आजाद हुआ है तब से आज तक देश में कभी कपड़ा, चीनी, दूध, दही, लस्सी आदि खाने की वस्तुओं पर टैक्स नहीं लगता था मगर इस भाजपा सरकार ने इन वस्तुओं पर टैक्स लगाकर गरीबों के मुंह की मिठास व तन का कपड़ा छीनने का काम किया है। यहां तक की खाद्य वस्तुएं व जनरल गुड्स आइटम पर पिछली सरकार में 5 प्रतिशत वैट होता था मगर इस सरकार ने इन वस्तुओं पर 18 व 28 प्रतिशत जीएसटी लगाकर गरीबों की जेबों में डाका डालने का काम किया है।

**PUBLICATION U/O 5 RULE 20 CPC**

IN THE COURT OF SH. PRATEEK HOODA SDO (C) CUM ASSISTANT OFFICER, TOHANA, DISTRICT FATEHABAD

मान सिंह पुत्र हजारी पुत्र हरदास निवासी गांव पिरथला तहसील टोहाना जिला फतेहाबाद।...प्रार्थी

*बनाम*

1. जगदीश मृतक पुत्र साहब सिंह बजरिया कानूनी वारसान क. बलजीत पुत्र ख. राजबाला पुत्री ग. राजरानी घ. सीमा पुत्रीयान जगदीश पुत्र साहब सिंह 2. रज्जी मृतक माता जगदीश पत्नी साहब सिंह बजरिया कानूनी वारसान अ. विजय सिंह ब. जोगी राम पुत्रान स. माया देवी पुत्री द. रोशनी घ. देवकी पुत्रीयान रज्जी देवी पत्नी साहब सिंह निवासीयान पिरथला तहसील टोहाना जिला फतेहाबाद।...**उत्तरवादीगण**

दरखास्त बराये फक-उल-रहन बातअराजी कृषि भूमि खेवट नं. 155 खतौनी नं. 224 ता 225, कुल रकबा 60 कनाल 13 मरले हिस्सा 364/3639 भाग रकबा प्रार्थी 6 कनाल 1.33 मरला मुताबिक जमाबन्दी साल 2018-2019 बरूये इन्तकाल नं. 5285, 5292, 5293 वाक्या मौजा गांव पिरथला तहसील टोहाना जिल फतेहाबाद, बर बिनाये शहादत तहरीरी व तकरीरी हर किस्म।

In the above noted case the court is fully satisfied that the respondent cannot be served in an ordinary way, Hence this proclamation under order 5 Rule 20 CPC be issued against the above noted respondents to appear before this court on 19-01-2024 at 10:00 A.M. at Tohana, Distt. Fatehabad personally or through some duly authorized agent to defend their case otherwise ex-parties proceedings shall be taken against them. Given under my hand and the seal of this court 11-12-2023.

-A.C. Tohana, Tohana

हवन यज्ञ में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया

## कथा समापन पर नौ कुंडीय महायज्ञ व भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा



सिरसा। डेरा बाबा अलखिया में श्रीराम कथा के समापन पर यज्ञ में भाग लेते श्रद्धालु।

प्रतापगढ़ के समीप स्थित डेरा बाबा अलखिया में स्वामी नित्यानंद सरस्वती महाराज के तीसरे परिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीराम कथा के समापन पर बुधवार को नौ कुंडीय महायज्ञ किया गया व भंडारे का आयोजन किया गया। श्रीराम कथा, हवन यज्ञ का कार्यक्रम महंत अमरानंद महाराज के सानिध्य में किया गया। कथा वाचक राहुल शास्त्री ने बताया कि मंगलवार शाम को भगवान श्रीराम को राजतिलक के साथ कथा को विश्राम दिया गया। आज सुबह सवा नौ बजे डेरा परिसर में विद्वान ब्राह्मण राहुल शर्मा, सुनील शर्मा व प्रिंस शर्मा ने मंत्रोंचारण के साथ नौ कुंडीय यज्ञ संपन्न करवाया। हवन यज्ञ में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भग लिया। यज्ञ के समापन पर पूर्ण आहूति दी गई व आरती की गई। इसके बाद सवा 12 बजे भंडारे का शुभारंभ किया गया। राहुल शास्त्री ने हवन यज्ञ की महता के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि वेद कहता है कि सर्व सुखों की प्राप्ति करनी है और स्वर्ग की प्राप्ति करनी है तो यज्ञ करो। यज्ञ सर्व सुखों का स्त्रोत है। जब यज्ञ कुंड में शुद्ध सामग्री, खांड-बूरा, देशी घी की आहूति दी जाती है तो कुंड से एक दिव्य धूंआं पैदा होता है। उन्होंने कहा कि हवनयज्ञ कुंड से फार्मिक एल्डीहाइड गैस पैदा होता है, यह गैस गेंहू, सरसों, चना आदि फसलों में घातक कृमियों, कीटाणुओं को नष्ट कर देती है। उन्होंने कहा कि इस गैस से सारा वातावरण शुद्ध हो जाता है। उन्होंने कहा कि बादाम, किशमिश, काजू, अखरोट आदि पौष्टिक पदार्थ के मिश्रण से तैयार हवन सामग्री की आहुति हवन कुंड में डालने से एक विशेष प्रकार की ऊर्जा पैदा होती है, जो शरीर के छिद्रों के अंदर प्रवेश कर शरीर के अंद छुपे हुए घातक कीटाणुओं का नाश करती है और शरीर सुंदर स्वस्थ हो जाता है। उन्होंने कहा कि हवन कुंड में वेद मंत्रों द्वारा आहुति देने से दूर-दूर तक वातावरण शुद्ध हो जाता है और वायु मंडल में फैले हुए दुर्गुणों, दुर्विचारों, दुर्भाओं को नष्ट कर सदगुणों का संचार करती है।

## रोहतक में 4 जनवरी को होगी राज्य स्तरीय रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

हरियाणा सर्वकर्मचारी संघ की रा'य कमेटी के दिशा निर्देशानुसार स्थानीय पटवार भवन में जिला स्तरीय कन्वेंशन आयोजित की गई। रा'य प्रेस सचिव पृथ्वी सिंह चाहर व जिला प्रेस प्रवक्ता राजेश भाकर ने संयुक्त रूप से बताया कि रा'य स्तरीय कन्वेंशन की अध्यक्षता जिला वरिष्ठ उप प्रधान मदनलाल खोथ ने की। सर्वकर्मचारी संघ के रा'य प्रधान धर्मवीर फोगाट, अध्यापक संघ के रा'य प्रधान धर्मेंद्र ढांडा व पावर कारपोरेशन के रा'य प्रधान सुरेश कुमार राठी ने संयुक्त रूप से बताया कि कर्मचारियों की अनेकाएक समस्याएं काफी लंबे से लंबित पड़ी हैं, जिन पर सरकार की ओर से बार-बार अवगत करवाने के बाद भी कोई गौर नहीं किया जा रहा है। सत्ता में आनेसे पूर्व सरकार ने कर्मचारियों से अनेक लोक लुभावने वादे किए थे, लेकिन सत्ता में आने के बाद सरकार अपने वायदों से मुकर गई। सरकार ने कर्मचारियों को राहत पहुंचाने की बजाय एक-एक कर सभी विभागों का निजीकरण शुरू कर दिया। सरकार की निजीकरण की नीति से कर्मचारी वर्ग में भारी रोष है। फौगाट ने बताया कि कन्वेंशन में पूर्व में लिए गए फैसलों पर सभी ने मंथन किया।

## खबर संक्षेप

### सड़क पर रॉन्ग साइड ट्राला खड़ा होने से जाम



**रतिया।** टोहाना रोड पर बुधवार को एक रॉन्ग साइड ट्राला सड़क पर खड़ा हो जाने के कारण टोहाना रोड पर लंबा जाम लग गया। जाम के कारण वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। दुकानदारों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि रॉन्ग साइड पर चलने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। टोहाना रोड पर माल उतारने के लिए बड़ा ट्राला आया हुआ था।



### भारत संकल्प यात्राः ग्रामीण बोला-सिलेंडर फ्री नहीं

**ढांड।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के गांव ढांड में जब विधायक दुड़ाराम ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे तो उस समय वहां मौजूद एक युवक उठ खड़ा हुआ और विधायक से कहा कि आप फ्री में सिलैण्डर देने की बात कर रहे हैं लेकिन वह तो 1100 रुपये का सिलैण्डर लेकर आया है। फ्री में कुछ नहीं मिला। फ्री तो हम सब है। मौजूद पुलिस कर्मचारी उक्त युवक को सभा से बाहर ले गए।

### दिव्यांग जूडो खिलाड़ी पूनम होंगी ब्रांड एंबेस्डर



**सिरसा।** उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बुधवार को आरकेजे श्रवण एवं वाणी निशक्त कल्याण केंद्र की अध्यापिका जूडो खिलाड़ी पूनम को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन का खिताब मिलने पर उन्हें बधाई दी और सम्मानित किया। पूमन 2016 से जूडो खेल रही है, इस दौरान उन्होंने 6 नेशनल व 15 जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की है। गत 3 दिसंबर को विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन का खिताब दिया गया था।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव करीवाला, दमदमा कोटली व रामपुरा ढाणी में आयोजित हुआ जनसंवाद कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बुधवार को जिला के गांव करीवाला, दमदमा, कोटली व रामपुरा ढाणी में जनसंवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गांव करीवाला व दमदमा में पूर्व विधायक रामचंद्र कंबोज, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र आर्य, पूर्व चेयरमैन रेणू शर्मा, गुरदेव सिह राही, शीशपाल कंबोज, अमीर चंद मेहता, सागर केहरवाला, सरपंच गुरदेव सिंह संधु, निर्मल सिंह बसेरा, बलदेव सिंह तथा गांव कोटली व रामपुरा ढाणी में पूर्व विधायक बलकौर सिंह, सरपंच प्रीत कुमार, सर्वजीत सिंह, सरपंच सुखदेव सिंह आदि मौजूद रहे। पूर्व विधायक रामचंद्र कंबोज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के कारण आज भारत का विश्व में नाम हो रहा है। रोटी, कपड़ा और मकान, तीन ऐसी चीजें थी, जिनका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निवारण किया है। भाजपा सरकार ने जो कहा है वह किया भी है, सरकार केवल कहने में विश्वास नहीं रखती बल्कि करने में विश्वास रखती है। केंद्र व प्रदेश सरकार ने विकसित भारत की संकल्पना के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा अच्छी शुरुआत है।

### देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाने के लिए सभी को सहयोग करना होगा

देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाने के लिए सभी लोगों को सहयोग करना होगा। विकसित भारत के इस प्रयास में सभी लोग अपने स्तर के अनुसार सहयोग कर सकते हैं। कार्यक्रम में ग्रामीणों को वीडियो वैन के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की विकासात्मक योजनाओं पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई। कार्यक्रम में उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना सहित अनेक योजनाओं के लाभार्थियों ने मेरी कहानी-मेरी जुबानी कार्यक्रम के तहत मंच के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों के समक्ष अपने अनुभव सांझा किए। इसके बाद कार्यक्रम अनेक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की भजन मंडली ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी और ग्रामीणों को गीतों व भजनों के माध्यम से सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।



सिरसा। संकल्प यात्रा क दौरान लोगों को योजनाओं की जानकारी देते।

### मांगों को लेकर ग्रामीण डाक सेवकों ने किया प्रदर्शन

**रतिया।** आल इंडिया ग्रामीण डाक सेवक यूनियन द्वारा बुधवार को दूसरे दिन भी हड़ताल कर डाकघर में धरना दिया और जमकर नारेबाजी की। आज के धरने की अध्यक्षता उपाध्यक्ष आत्म प्रकाश लाली ने की। मुख्य वक्ता के रुप में प्रधान हरपाल सिंह पालसर पहुंचे। नाराज डाक सेवकों ने केंद्र सरकार व विभाग के खिलाफ रोष जताया व चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती वे काम शुरु नहीं करेगें। प्रधान हरपाल सिंह पालसर ने कहा कि उन्हें 8 घंटे कामए पेंशन योजना का लाभ दिया जाए। नियमित कर्मचारियों के सामान टीआरसी, वेतन वृद्धि, समूह बीमा कवरेज को 5 लाख के ऊपर बढ़ाना, 180 दिनों की सवैतनिक छुट्टी को आगे बढ़ाना, नकदी करण करना, डाक सेवा के लिए लेपटॉप, प्रिंटर, ब्रॉडबैंड व नेटवर्क की व्यवस्था की जाए। इस मौके पर कोषाध्यक्ष युद्धवीर, राम किशन, दलीप कुमार, दर्पण, रोहित, नंद प्रकाश भी मौजूद थे।

### 24 को सिरसा में किसान-मजदूर जन आक्रोश रैली ऐतिहासिक होगी

# 2024 में भाजपा सरकार की विदाई तय, हुड्डा फिर संभालेंगे कमान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

24 दिसम्बर को सिरसा में होने वाली किसान-मजदूर जन आक्रोश रैली ऐतिहासिक होगी। यह एक रैली न होकर सरकार के खिलाफ जनता का महारैला होगा, जिसमें भारी संख्या में पहुंचे लोग प्रदेश से गठबंधन सरकार को उखाड़ फैंकने का काम करेंगे। यह बात पूर्व मुख्य संसदीय सचिव प्रहलाद सिंह गिलांखेड़ा ने किसान-मजदूर आक्रोश रैली को लेकर क्षेत्र के गांवों में जनसम्पर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही।

पूर्व सीपीएस ने बुधवार को गांव बोदीवाली और सरवरपुर में ग्रामीण सभाओं को संबोधित कर ग्रामीणों से इस रैली में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पूर्व सीपीएस प्रहलाद सिंह गिल्लाखेड़ा ने कहा कि मौजूदा सरकार जनता के हितों पर लगातार कुठाराघात करने को आतुर है। बार-बार ऐसी नीतियां लागू की जा रही है, जिसके चलते जनता के हर वर्ग के लोग सड़कों पर आने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि 24 दिसंबर को सिरसा से सरकार के खिलाफ ऐसे बिगुल का आगाज होगा, जोकि 2024 में देश-प्रदेश को भाजपा मुक्त करेगा।



फतेहाबाद। ग्रामीणों को संबोधित करते पूर्व सीपीएस प्रहलाद गिलाखेड़ा। फोटोः हरिभूमि

### किसानों के बलिदान को याद दिलाकर

किसान-मजदूर जन आक्रोश रैली के माध्यम से 750 किसानों के बलिदान को याद दिलाकर इस सरकार को किसानों और सरकार के बीच हुए समझौते को लागू करने के लिए मजबूर किया जाएगा। सरकार को यह भी याद दिलाया जाएगा कि यह वही किसान-मजदूर है, जिन्होंने एकजुट होकर खेतों में मेहनत कर कोविड-19 महामारी के दौरान देश की लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था को बचाया था। प्रदेश की खट्टर सरकार ने केवल किसानों के साथ ही धोखा नहीं किया।

## सरकार का कार्यकाल नाकामी से भरा, जनता भुगत रही परिणाम : डॉ. वीरेंद्र

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र सिंह हुड्डा अब प्रदेश में ताबड़तोड़ जन आक्रोश रैलियां करेंगे। हरियाणा कांग्रेस कमेटी ने पूरे राज्य में विधानसभा स्तर पर जन आक्रोश रैलियां करने का निर्णय लिया है। हुड्डा और दीपेंद्र के राजस्थान चुनाव में व्यस्त होने की वजह से इन रैलियों का सिलसिला रुक गया था। अब इसी कड़ी में लोगों को 24 दिसंबर को सिरसा में होने वाली जन आक्रोश रैली का न्योता देने के लिए वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. वीरेंद्र सिवाच ने भूना, ढाणी गोपाल, नहला, बैजलपुर, भट्टू, खाबड़ा, ढिंगसरा, ढाबी कलां, मेहूवाला व अन्य गांवों का दौरा किया और लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का निमंत्रण दिया। डॉ. वीरेंद्र सिवाच ने कहा कि जिला और विधानसभा स्तर पर भाजपा का जवाब देने के लिए जनसंवाद कार्यक्रम आरंभ कर रखे हैं, जिनका सिलसिला अब तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिसंबर माह में होने वाली विधानसभा स्तरीय रैलियों में सिरसा की किसान-मजदूर जन आक्रोश रैली सबसे महत्वपूर्ण है। दो साल पहले राज्य में चले किसान संगठनों के आंदोलन में मारे गए करीब 700 लोगों को श्रद्धांजलि देने तथा एमएसपी की गारंटी का कानून बनाने के लिए दीपेंद्र हुड्डा ने स्वयं इस रैली की बागडोर अपने हाथों में ली हुई है। कांग्रेस की इस रैलियों में चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा व दीपेंद्र हुड्डा के साथ प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान भी शामिल होंगे। डॉ. वीरेंद्र सिवाच ने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि किसानों की आय दोगुना करने की बात करने वाली मौजूदा सरकार आज लाठी के दम पर किसानों की आवाज दबाकर तानाशाही होने का परिचय दे रही है। यह सरकार शुरू से ही किसान विरोधी रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लगातार सोनिया गांधी, राहुल गांधी व भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व व दिशा निर्देशन में राष्ट्रीय व प्रादेशिक स्तर पर जनता से जुड़े मुद्दों को जोर-शोर से उठाया है। आज प्रदेश के कोने-कोने से कानों में जन आक्रोश का स्वर सुनाई दे रहा है।



फतेहाबाद। जनआक्रोश रैली को लेकर जनसम्पर्क अभियान चलाते डॉ. विरेन्द्र सिवाच।

## थाना बडागुढ़ा व रोडी को लेकर जारी नोटिफिकेशन रद करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

- आमजनों को न्यायिक व्यवस्था में काफी परेशानी का करना पड़ रहा है सामना

वरिष्ठ कांगेस नेता एडवोकेट संदीप नेहरा ने कहा कि थाना बड़ागुढ़ा और रोडी का पुलिस मुख्यालय सिरसा से बदलकर डबवाली करने पर दोनों थाना क्षेत्रों की जनता और अधिवक्ता दोनों ही परेशान है। उन्होंने इस मामले को लेकर जारी अधिवक्ताओं की हड़ताल का समर्थन करते हुए कहा कि जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए गठबंधन सरकार को थाना बडागुढ़ा और रोडी को लेकर जारी नोटिफिकेशन तुरंत प्रभाव से रद करना चाहिए। संदीप नेहरा ने कहा कि थाना बड़ागुढ़ा और रोडी का पुलिस मुख्यालय सिरसा से बदलकर डबवाली करने को लेकर दोनों थाना क्षेत्र के लोगों और अधिवक्ताओं में भी रोष व्याप्त है। सरकार अदूरदर्शी इस फैसले से आमजनों को न्यायिक व्यवस्था में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जो गांव रोडी और बड़ागुढ़ा थाना क्षेत्र में आते हैं उन गांवों की पंचायतों ने भी सरकार के इस फैसले पर ऐतराज व्यक्त करते हुए प्रस्ताव भी पारित किए गए है।

ऐसे में सरकार को ग्राम पंचायतों के प्रस्ताव का सम्मान करते हुए उनके साथ न्याय करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले के खिलाफ अधिवक्ता भी हड़ताल पर रहे और उनका और आमजनों का ऐतराज सही है। आमजनों और अधिवक्ताओं की परेशानी को देखते हुए सरकार को इस नोटिफिकेशन को तत्काल प्रभाव से रद करना चाहिए।

## फतेहाबाद जिले से तीन युवतियां लापता

**फतेहाबाद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से तीन युवतियों के लापता होने का समाचार है। इस बारे सम्बंधित थानों में शिकायत दर्ज करवाई गईहै। पुलिस को दी शिकायत में शास्त्री नगर फतेहाबाद निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 23 वर्षीय पत्नी घर से आंगनबाड़ी सैंटर जाने की बात कहकर घर से गई थी और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी है। इस पर उसने उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। दूसरे मामले में रतिया पुलिस ने कलर कालोनी, टोहाना रोड रतिया निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी लड़की आईटीआई में पढ़ती है। गत दिवस सुबह वह आईटीआई गई थी और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी है। काफी तलाश के बाद भी जब उसका पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। एक अन्य मामले में सदर रतिया पुलिस ने गांव सरदारेवाला निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर उसकी 18 वर्षीय लड़की के रात को घर से लापता होने का समाचार है।

## आप चुनाव के लिए तैयारः सचदेवा

- आम का सिरसा विधानसभा के सभी गांवों और शहर के सभी वार्डों में नवगठित कमेटियों के पदाधिकारियों का सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

आम आदमी पार्टी द्वारा सिरसा विधानसभा के सभी गांवों और शहर के सभी वाडार्ें में नवगठित कमेटियों के पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। पार्टी के लोकसभा संयुक्त सचिव प्रदीप सचदेवा ने बताया कि पूरे प्रदेश में यह अभियान चलाया गया था जिसके अंतर्गत सिरसा के सभी नेताओं और पदाधिकारियों ने बेहद उत्साह के साथ विधानसभा के 31 गांवों और 32 वाडार्ें में नवगठित कमेटियों के अध्यक्षों, सचिवों और सदस्यों को परिचय पत्र देकर सम्मानित किया गया। सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी का संगठन अब प्रदेश से लेकर गांव-वार्ड तक आकार ले चुका है और इसके माध्यम से पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में चल रही दिल्ली और भगवंत मान की अगुवाई में काम कर रही पंजाब सरकार के आमजन के हित में किए जा रहे कामों को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के दौरान यह सपष्ट दिखाई दिया कि सिरसा के लोग सरकार से बेहद परेशान हैं और बदलाव के लिए तैयार बैठे हैं।



सिरसा। नवगठित कमेटी पदाधिकारियों को सम्मानित करते आप नेता।

## विधायक ने मिड डे-मील की रसोईघर का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव धारनिया, ढांड, सालमखेड़ा व सिरढ़ान आदि गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में विधायक दुड़ाराम ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

उन्होंने पौधारोपण कर बच्चों द्वारा बनाई गई रंगोली प्रतियोगिता का अवलोकन किया। इस दौरान विधायक ने गांव सालमखेड़ा सहित आदि गांवों के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में करीब चार लाख रुपये की राशि से निर्मित मिड डे मील की रसोईघर का उद्घाटन किया। विधायक ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी स्टालों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को पात्र व्यक्तियों को सरकार की योजनाओं व सेवाओं का लाभ देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम के तहत नागरिकों को कल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ मिल रहा है। नागरिक यात्रा में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प की शपथ भी ले रहे हैं। विधायक दुड़ाराम ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो रहा है।

### राजस्थान में सीएम और एमपी व छत्तीसगढ़ में डिप्टी सीएम पद मिलने पर खुशी

## ब्राह्मण समाज के लोगों ने बांटे लड्डू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मध्य प्रदेश में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल और छत्तीसगढ़ में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की नियुक्ति पर विप्र सेना व ब्राह्मण सभा की ओर से प्रसन्नता जाहिर की गई है। दोनों संगठनों के सदस्यों ने बुधवार को ब्राह्मण धर्मशाला में एकत्रित होकर लड्डू बांटकर खुशी जताई। इस दौरान विप्र सेना के प्रदेश संरक्षक स्वामी विज्ञान प्रेमानंद, प्रदेश उपाध्यक्ष विकास सारस्वत, जिलाध्यक्ष रोहताश शर्मा ने कहा कि तीनों प्रदेशों में ब्राह्मण समाज को महत्वपूर्ण पद मिलने से समाज गौरवान्वित महसूस कर रहा है। ब्राह्मण समाज को इतना महत्व देने से पूरे उत्तर भारत के ब्राह्मणों में उत्साह है। ब्राह्मण सभा के प्रधान रामनिवास शर्मा और जगदीश शर्मा ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि समाज के तीनों ही गौरव अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा के साथ निभाते हुए जनता के हितों पर खरा उतरने का काम करेंगे। इस मौके पर विप्र सेना के सचिव बलवान शर्मा, महिला जिलाध्यक्ष नीलांशी शर्मा, सरोज शर्मा, सीमा दत्ता, राजेश पराशर, भूप शर्मा, डॉ. राकेश शर्मा, श्यामसुंदर शर्मा, डॉ. सुभाष शर्मा, हरिराम, डीपी कौशिक, सीताराम, पंडित राजेश पुजारी, एडवोकेट विकास शर्मा, विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष संदीप टांटिया, दीपक सरदाना आदि मौजूद रहे।



फतेहाबाद। राजस्थान में सीएम और मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में डिप्टी सीएम पद मिलने पर खुशी जताते ब्राह्मण समाज के लोग। फोटोः हरिभूमि

### ग्रामीण डाक कर्मचारियों की हड़ताल जारी

**सिरसा।** ग्रामीण डाक कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर ऑल इंडिया ग्रामीण डाक सेवक संघ के बैनर तले हड़ताल बुधवार को भी जारी रही। मुख्य डाकघर समक्ष कर्मचारियों ने धरना देकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं दूसरी और ग्रामीण डाक कर्मियों की हड़ताल से ग्रामीण क्षेत्र की डाक व्यवस्था भी प्रभावित रहीं। ऑल इंडिया ग्रामीण डाक सेवक संघ के चेयरमैन पीयू मुरलीधरन का कहना है कि ग्रामीण डाक कर्मचारी सेवकों को 8 घंटे काम और पेंशन सहित सभी लाभ प्रदान करने, 12, 24 व 36 वर्ष की सेवा पूरी करने पर तीन समयबद्ध वित्तीय उन्नयन देने, ग्रेच्युटी पर अधिकतम राशि डेढ़ लाख की सीमा को हटाकर अधिकतम राशि 5 लाख बहाल करने, चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने, अप्रयुक्त छुट्टियों को 180 दिनों तक आगे बढ़ाने की सुविधा के साथ प्रति वर्ष 30 दिनों की छुट्टी मंजूर करने, समूह बीमा को 5 लाख रुपये तक बढ़ाने की मांग उठा रहे है।

### डीसी ने शिक्षण संस्थानों के अध्यापकों व विद्यार्थियों से चर्चा की

# यौन शोषण के प्रति छात्रों में जागरुकता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान में छात्र एवं छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न से संबंधित कोई घटना होती है तो उस विद्यार्थी को इस बारे अपने माता-पिता और अपने विश्वसनीय व्यक्ति को जरूर बताना चाहिए ताकि दोषी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। उपायुक्त पार्थ गुप्ता बुधवार को राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल में वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से जिला के सभी शिक्षण संस्थानों के अध्यापकों व विद्यार्थियों से यौन शोषण व अनेक विषयों पर चर्चा कर रहे थे। इस दौरान उपायुक्त ने जिला के आरोही मॉडल स्कूल जलालआना, आरोही मॉडल स्कूल ओढां, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाथूसरी कलां, राजकीय मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल बड़ागुढा, राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल बप्पां व राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल डबवाली के बच्चों से वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से बातचीत की।



सिरसा। उपायुक्त यौन शोषण पर छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए।

### सेल्फ डिफेंस सिखाने के लिए शैड्यूल हो तैयार

उपायुक्त ने कहा कि किसी भी बच्चे के साथ यौन शोषण जैसी घटना होती है तो दूसरे बच्चों को उसका मजाक उड़ाने की बजाय उसका साथ देना चाहिए क्योंकि अगर आप उसका मजाक उड़ाते हैं तो उस दोषी व्यक्ति का साथ दे रहे हैं। किसी भी विद्यार्थी के साथ अक्सर गलत घटना घटती है तो उसे दबाने की बजाय, गुनहगार के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करवाई की जानी चाहिए ताकि दोषी व्यक्ति भविष्य में किसी बच्चे के साथ गलत काम न करें। उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जिला के सभी सरकारी स्कूलों में लड़कियों को सेल्फ डिफैंस सिखाने के लिए शैड्यूल तैयार किया जाए। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी बुटा राम ने कहा कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य है कि हम किसी बंधन में न बंधे। बाल कल्याण समिति की चेयरपर्सन अनीता वर्मा ने कहा कि बच्चे सबसे ज्यादा समय अपने अभिभावकों व अध्यापकों के साथ व्यतीत करते हैं, ऐसे में उनकी बच्चों के प्रति अधिक जिम्मेवारी बनती है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ. गुरप्रीत कौर ने कहा कि लड़कियों की सुरक्षा के साथ-साथ लड़कों के साथ होने वाले यौन शोषण भी बेहद चिंता का विषय है। माता-पिता को बच्चों से खुलकर बात करनी चाहिए। बच्चे अपनी शिकायत चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 या डायल 112 पर भी दर्ज करवा सकते हैं। अधिवक्ता बलबीर कौर गांधी ने कहा कि बच्चों के साथ जब भी कुछ गलत होता है तो उनके व्यवहार में परिवर्तन देखने को मिलता है।

## अलग-अलग स्थानों से स्कूटी और मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** जिला में अलग-अलग स्थानों से चोर स्कूटी व मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में साहबराम निवासी एमसी कॉलोनी ने बताया कि बीती 11 दिसंबर की दोपहर को उसने अपनी स्कूटी घर के बाहर गली में खड़ी की थी। वह अंदर चला गया और कुछ देर बाद आया तो एक्टिवा नहीं मिली। दूसरे मामले में डबवाली निवासी पीरू ग्रोवर ने बताया कि बीती 12 दिसंबर को वह मोटरसाइकिल लेकर अपने दोस्त के घर हैफेड गोदाम रोड पर गया था। बाइक बाहर खड़ी कर वह अंदर चला गया। कुछ देर बाद आया तो बाइक गायब मिली। उन्होंने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530207, 9253681005